उस वचन को उसी दृष्टिकोण से देखें जो यीशु ने उसके चेलों से कहा था कि वे सामर्थ प्राप्त करेंगे और ''यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में ''गवाह होंगे''[१६] यरूशलेम उस समय चेलों का ठिकाना था। यह उनके पारंपारिक विश्वास और संस्कृति का केन्द्र था और यीशु के अनुयायी अल्पसंख्यक थे। यहूदिया यहूदि ''प्रांत'' था जिसमें यरूशलेम भी था। सामरिया उत्तर यहूदिया का एक भाग था। वचन हमें जताता है कि यहूदी लोग सामरियों घृण करते थे ऐसे घुठिल लोग जो परमेश्वर के सामने शुद्ध नही थे। यीशु ने कहा कि उसकी परिवर्तन करने की सामर्थ शत्रुओं के हृदय और देश में बी कार्य कर सकती है! यह एक सुदार की ओर कदम था। ''पृथ्वी की छोर'' ही केवल स्थान नहीं थे, परंतु लोग राष्ट्र और संस्कृतियां यीशु के चंद अनुयायीयों के लिये जिन्होने यीशु के यहकहते सुना था कल्पना से बाहर या। उसकी आत्मा से भरकर वे उस कार्य को शुरू करने वाले थे जो एक दिन राष्ट्रों को आशीषित करता और बदल देता।

बाइबल हमें राष्ट्रो और पृथ्वी के लोगों के लिये परमेश्वर को योजना की झलक देती है। भजन के लेखक के द्वारा परमेश्वर ने यह प्रतिज्ञा किया ''सभी राष्ट्र उसके कारण धन्य होंगे, और सारी जातियां उसको धन्य कहेगी।''[१७] दूसरे भजन में हम पाते हैं ''मुझ से मांग और मैं जाति जाति के लोगों को ..... सम्मति होने के लिये, और ..... के दशों को तेरि निज भूमि बनने के लिये दे दूंगा।[१८] परमेश्वर ने फिर से यह इच्छा जाहिर किया कि राष्ट्र उसके प्रभुता के अधीन होवे: ''चुप हो जाओ और जान लो कि मैं ही परमेश्वर हूँ। मैं जातियों में महान हूँ। मै पृथ्वीभर में महान हूँ।''[१९]

कलीसिया और परिवर्तन का केंद्र

हमने परिवर्तन को एक प्रक्रिय रूप में देखा है - व्यक्तिगत, पारिवारिक और राष्ट्र स्तर पर। एक और घटक है - कलीसिया - जौ इन सब का केंद्र है।

अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिये परमेश्वर ने कलीसिया के जरिये राष्ट्र को चेला बनाने की योजना बनाई। यीशु ने अपने चेलों से राष्ट्रों को चेला बनाने, उन्हें बप्तिस्मा देने और उसकी आज्ञा मानना सिखाने को कहा। राष्ट्र पहले कदम में परिवर्तित नही होने जैसे जाने बप्तिस्मा देने और शिसा देने के द्वारा। परिवर्तन तब आता है जब लोग जिवन और समाज के हर श्रेत्र मे परमेश्वर की आज्ञा का पालन करते हैं। सुसमाचार प्रचार और पप्तिस्म मार्ग खोलते हैं; परंतु शिष्यता - ''आज्ञापालन सिखाने के द्वारा - जो कलीसिया की नियमित जवाबदारि है।



[१६] ब
[१७] ब
[१८] ब
[१९] ब

परमेश्वर की जोजना में, कलीसिया परिवर्तन का केन्द्र बिंदु है। यह प्रक्रिया को कार्यन्वित करती है।[२०] यह मसीह के उद्देश्यों को समाज के हर स्तर के लोगों - व्यक्तिगत, परिवार, समाज और राष्ट्र - तक पहूंचाने और सहायता करने मे माध्यम है।[२१] यह उसके सदस्यों को समाज के हर कोने में जाकर जीवन के हर क्षेत्र में परमेश्वर की इच्छा और उद्देश्यों को प्रगट करने के लिये तैयार करती है।

किसी ने पूछा, ''यदि आने वाले कल चर्च बंद होजाए तो क्या आपका शहर इस बात पर गौर करेगा? क्या आपका शहर इस बात का विरोध करेगा?[२२] यदि कलीसियां इमानदारि से समाज की सेवा करती हैं तो उत्तर होगा ''हां!'' हमने ऐसा होते देखा भी है। बाइबल के अनुसार समाज मे परिवर्तन हुए हैं क्योंकि स्थानीय कलीसियाओं ने लगातार नए तरीकों से और त्यागपूर्ण रीति से लोगों की सेवा की है:

आइये हम केनिया के एक ऐसे क्षेत्र में बढ़ते परिवर्तन को देखें जो अनाधिकृत रीति सें बस गया था:-

कगिशु, झुग्गी झोपड़ी में एक १५ सदस्यों वाला चर्च था जहां के घर रद्दी टीनशीट, लकड़ी के टुकडों से बने थे। इस कलीसिया कों हमारे सेवकाई प्रशिक्षण की कॉन्फ्रेन्स का निमंत्रण मिला और उनमें से २१-वर्षीय सदस्य मेशक के कॉन्फ्रेन्स में शामिल होने के लिये चुना गया। मेशक एक नए दर्शन को लेकर उस कॉन्फ्रेन्स सं लौटा: ''मै'' ने सीखा कि यीशु की आज्ञापालन करना ही विकल्प नही है!'' इसलिये मेशक, (एक बुजुरी), पास्टर और उनकी पत्नी ने मिलकर प्रार्थना किया और परमेश्वर से ऐसे कई योजना को मांगा जिसके द्वारा वे परमेश्वर के प्रेम को उनके समाज तक प्रायोगिक रूप से प्रगट कर सकते थे। उन्हें प्रार्थना का उत्तर मिला: उन्हों ने चर्च में ही बच्चों के लिये एक प्रायमरी स्कूल कि शुरुवात की।

उन्हों ने तुरंत कलीसिया के सदस्यों से बातचीत शुरू की जिनके पास बच्चे थे परंतु वे सार्वजनिक स्कूल में बच्चों की फीस भरने में असमर्थ थे। कई लोग अपने बच्चों को इस नए ''स्कूल'' में भेजने के लिये तैयार हो गए। बिना किसी प्रशिक्षण के, मेशक, पास्टर और पास्टर की पत्नि ने चर्च के एक कमरे में ६ से १२ वर्ष के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। जहां न टेबल, न पुस्तक और न ही कोई साधन उपलब्द थे। गांव के लोग इस से सहमत नहीं थे इसलिये वे रात को उनके सामान की चोरी करने के लिये वहां पहूंचे। मेशक को उसकि १ अमरिकन डॉलर की पहली तनख़ाह उसे सात महिने के पश्चात बच्चों के माता- पिता द्वारा फीस और दान के रकम में से मिली। मेशक और डिसमस ने आसपड़ोंस के बच्चों को भी आमंत्रित किया और स्कूल बढ़ता गया। जल्द ही एक कमरे में अलग अलग उम्र वाले ४५ विदायर्थी इकठ्ठे होने लगे। ६ वैं माह तक दूसरी और ८ वैं माहतक तीसरी शिक्षक भी स्वेच्छा से पढ़ाने के लिये स्कूल से जुड गये। १०० विद्यार्थि जमा हो जाने से शिक्षक लोग कमरे के मध्य में बंदकर अपने विद्यर्थियों के साथ एक दूसरे की विपरीट दिशा में बैठने लगे। बढ़ता हुआ यह स्कूल पडोसियों के लिये असुविधा का कारण बन गया और वे वहां से हट गये। जैसे ही पड़ोसि वहां

---

[२०] ब

[२१] ब

[२२] ब

से हट गये स्कूल को और जगह उपल्ब हो गई। इस समय तक स्कूल दो वर्ष पुराना हो चुका था और उसके पास दो इमारतें हो गई थी - जिनमें १० से ज्यादा कमरे थे जिन्हें रविवार को आराधना के लिये भी उपयोग में लाया जाने लगा।

अकले वर्ष चर्च ने पास ही के कवांगवेअर स्थान में जमीन का एक भाग एक इमारत को खरीद लिया और स्कूल वहां स्थानांतरित किया गया। ६ वें वर्ष में वहां १७ वेतन भोगी शिक्षा, ५ गैट-शिक्षक कर्मचारि और ४४५ बच्चे हो गए! जब नव निर्वाचित सरकार ने सभी बच्चों के लिये प्राथमिक शिक्षा को मुफ्त घोषित कर दिया तो स्कूल में संख्या ६०० से घटकर ४४५ की हो गई। उस क्षेत्र का करीब हर दूसरा स्कूल बंद हो चुका था - परंतु उस स्कूल में अधिकतर बच्चों को भर्ति के लिये प्रतीक्षा सूचि में रहना पड़ता था।

यह समाज, स्कूल और चर्च की कहानी की केवल शुरुवात ही है। इस प्रयत्न का प्रत्यक्ष फलेक माध्यमिक शाला दस कर्मचारी और ६० विद्यार्थी हैं जो पास के गांव में ही शुरू की गई।

कगिशु के एक चर्च ने कमी के पूरी करने के लिये जो मेशक के स्कूल के स्थानांतरण के कारण हुई थी वहाँ फिर से एक प्राथमिक स्कूल का शुरुवात की। अन्य कलीसिया ने २० बच्चों की दिनभर देखभाल करने का केन्द्र खोल दिया जिनकी माताए नौकरी करने जाती थीं। शुरुवात कलीसिया की संगति बढ़कर ६० सदस्यों वाली कलीसिया बन गई और उस कलीसिया ने ४० सदस्यों से भी ज्यादा। वाली एक और कलीसिया को स्थपित किया। उनमें से हर कलीसिया ने विभिन्न स्थानों मे दो और नई कलीसियाओं की शुरुवात की। प्रथम कलीसिया के पास्टर ३ वर्ष पहले ही युगांडा चले गये जहां उन्हों ने एक समृद्ध माध्यमिक स्कूल की शुरवात की। स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक और विद्यार्थियों के माता - पिता की मदद के लिये कगिशु में एक दुकान भी लगाई गई। स्कूल के नए स्थान के आसपास कई छोटे व्यवसाय भी शुरु किये गए। ठेकेदारों ने भी स्थायि इमारतों का निर्माण करना शुरू कर दिया।

एक बाहुत ही छोटी सी कलीसिया और उसके सदस्यों द्वारा परमेश्वर की आज्ञा का त्यागपूर्ण आज्ञापालन के ६ वर्ष पश्चात आज कगिशु और कवांगवेअर के समाज और कलीसियाओं मे विशाल और दिख पड़ने वाला परिवर्तन हुआ है। वास्तव में कगिशु के परिवर्तन की जांच की गई जब समाज के सदस्यों ने पूरे समाज का नाम कगिशु से बदलकर (जो ''छूरि'' या ''छूरा भोंकना'' कहल्वाता है) रूइता रखने की सलाह दिया (जिसका अर्थ ''खतरनाक बात को खत्म कर देना''है)।[२३]

..... केवल परमेश्वर ही इस परिवर्तन की सीमा को जानता है, हम समाज में प्रत्यक्ष दिख पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर इन सच्चाईयों को देख पाए है:

३२ पूर्ण रोजगार

५ स्कूल

स्कूल में १००० से भी ज्यादा बच्चे

६ नई कलीसियाएं

---

[२३] ब

अनगिनत नए विश्वासि

कगिशु और कवांगवेअर में नया कारखाना

कवांगवेअर में नया आर्थिक विकास

सामाजिक परिवर्तन

नागरिक मामलों में कलीसिया की भूमिक प्रथम प्राथमिकता नही है, यह तब हो सकति है जन कलीसयिा परमेश्वर की योजना को अपने समाज में प्रस्तुत करने चाहती हो। पुराने नियम में हम सरकार के प्रति परमेश्वर के दुष्टिकोण को देखते हैं जहां लैव्यवस्था की पुस्तक नागरिक व्यवस्था और जीवन के विषय बताती है। परमेश्वर के लिये उसके आदर्श राष्ट्र इस्राएल की धार्मिक अगुवाई का विषय महत्वपूर्ण था। उसने लोगों की भलाई के लिये ..... राष्ट्रों मे अपने प्रतिनिधियों -युसुफ, दानियेल और नहेम्याह - को राज करने के लिये अदभुत रीति से रखा। हम मिसा में युसुफ और बेबिलोन मे दानिएल और - नहेम्याह के विषय बहुत कुछ विस्तृत जानकारी पाते है और देखते है कि इस्राएलियों को गुलामि के विधर्मी देश की शांति के लिये भी प्रार्थना करने को प्रोत्साहित किया गया था: ''परंतु जिस नगर में मैने तुम को बंदी कराके भेज दिया है उसके कुशल यत्न किया करो, और उसके हित के लिये यहोवा से प्रार्थना किया करे। क्यों कि उसके कुशल से तुम भी कुशल के साथ रहोगे।''[२४] यीशु उस बात में स्पष्ट था कि परमेशवर और समाज के प्रति जिसमें हम रहते है हमारि कुछ जिम्मेदारिया भी है।[२५] अंत में, रोमियो को अपनी .... में पौलूस हमें याद दिलाता है कि सामाजिक सरकार भी परमेश्वर के लिये महत्वपूर्ण है। परमेश्वर ही उन्हें नियुक्त करता है और वे उसके अधिकार के अंतर्गत ही समाज के कुशल के लिये कार्य करते हैं।[२६]

राष्ट्रों के परिवर्तन की बात की कल्पना करना कठिन जान पड़ता है। यह उतना कठिन नहीं होगा यदि हम यह मान ले कि जब परमेश्वर केलोग - जिन्हें उसने नामलेकर बुलाया है - उसके अधीन हो जाते है और राष्ट्रों को शिष्य बनाते तथा समाज और संस्कृतियों में परिवर्तन होजाता है। जैसा हमने देखा कि परमेश्वर ने इस्राएल से कहा कि यदि वे नम्र होकर प्रार्थना करें उसकी ओर दृष्टि करे और अपनी दुष्ट चाल से फिरें तो वह उन्हें चंगा करेगा और अपने लोगों के पापों को क्षमा करेगा।[२७]

परिवर्तन और समाज में न्याय

समाज में आलीशान मकान, साक्षरता अभियान, संकट निवारण केन्द्र या जेल सेवकाई के द्वारा परिवर्तन नहीं होता। ..... दिखने में ये सकारात्वक हों परंतु ये सामाजिक विषमताओं को ही बढ़ावा तेते है। जब तक कि मूल कारण को खत्म न किया जाए, अन्याय सामाजिक विषमता और नैतिक विषमता लगातार बढ़ते रहेंगे।

यशायाह ५८ हमें बताता है कि जब हम मूल कारणों और लक्षणों को खत्म करते है ऐसा कसे के द्वारा हम उसकी आराधना करते है। यशायाह ५८ के ६वें आयत में परमेश्वर उन सबको जो उसकी

[२४] ब

[२५] ब

[२६] ब

[२७] ब

आराधना करते है आदेश देता है कि वे भूखों के साथ अपना भोजन बांटे गरीब और बेघरों को आश्रय दें, नंगों को कपड़े पहिनाएं और उन्हें आपने परिवार से न निकालें।

परंतु कुछ लोग इस सामाजिक अन्याय के मूल कारणों को ख्तम करने के लिये कुछ ज्यादा ही दृढ़ संकल्प है। ६वी आयत इस प्रकार थे आराधना करने के विषय बताती है: ''अन्याय से बनाए हुए दासों, और अंघेट सहनेवालों का ''जूआ तोड़कर'' उनकों ''छुड़ा लेना'', और ''सबजूओं को टुकड़े -टुकड़े कर देना''। ये शब्द - ''छुडाना'' ''तोडना'' ''छुड़ा देना - अधिकार के शब्द है। यीशु के अनुयायी जिनकी सरकार मे राजनीति मे व्यवसाय मे पहुंच है और उनके पास अधिकार है उन्हें परमेश्वर द्वारा अन्याय के मूल कारणों का खातमा करने के लिये विशेषकर रखा गया है। यहां और यशायाह ५९ में परमेश्वर अपने लोगों को जिन्हें उसने अधिकार के स्थान पर रखा है, इश्वरीय सामर्थ का उयोग करने की आज्ञा देता है। कलीसयिा की जिम्मेदारी है कि वह उन लोगों को जो अगुवाई में है उन बदलाव के लिये कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करें जिसके द्वारा परमेश्वर की योजना दिख पड़ती हो और अपने जवानों को पहुंच वाले स्थानों पर कब्जा कसे के लिये तैयार करें ताकि अगली पीढ़ी के लिये परमेश्वर की योजना पर अमल किया जा सके।

सामान्यत: जब परमेश्वर का भय मानने वाले लोग पहूंच और धिकार के स्थान पर होते हैं तब कलीसिया अन्याय के मूल कारणों का खातमा ज्यादा प्रभावि रूप से कर सकती है। स्थानीय सरकारी स्थर पर सिटी कॉउंसिल के सदस्य और महापौर (मेयर) के पास अन्याय और सामाजिक ढ़ांचे में अन्याय की गहरी ..... से निपटने के विशेष अधिकार होते है। कलीसिया को चाहिये कि वह अपने सदस्यों के जिन्हें समाज सेवा की बुलाहट हो राजनैतिक जबाबदारी लेने के लिये प्रोत्साहित करे। ऐसी परिस्थिति में उन्हें कलीसिया से बरर्वास्त न करं। उन्हें संगति में रखें उनके लिये प्रार्थना करें, उन्हें प्रोतसाहित करें और उन्हें जबाबदारी दें।

जब हम मानवीय क्लेश और मूल कारणों दोनों से निपटते हैं, तो हम यशायाह ५८ में चंगाी के विष्य परमेश्वर की प्रतिज्ञा को पढ़ते है:

> *''जब तेरा प्रकाश पौ फटने के समान चमकेगा, और तु शीघ्र चंगा हो जाएगा; तेरा धर्म तेरे आगे आगे चलेगा, यहोवा का तेज तेरे पीछे रक्षा करते चलेगा। तब तू पुकारेगा और यहोवा उत्तर देगा तू दोहाई देगा और वह कहेगा, मै यहां हू।''*[२८]

मै यहां कुछ और भी बताना चाहूंगा। भौतिक रीति से गरीब कलीसियाए उतनी ''अधिक गरिब'' नही होति कि वे समाज की मदद न कर सकें। उसी प्रकार स्थानीय कलीसियाए भी उतनी भी ''अधिक कमजोर'' नहीं होती कि वे सामाजिक न्याय न दिला सके चाहें सता में परमेश्वर का भय माननेवाले हों या न हों। परमेश्वर के दूतावास की तरह कलीसिया के पास उन कायों को करने की उसका सामर्थ और अधिकार है जिसके दिये उसने उन्हें बुलाया है। उसके राजदूत होने के कारण हम उसके प्रतिनिधि रूप में - उसके नाम से कार्य करते हैं।

---

[२८] ब

नैतिकता, नीति, संसारिक धारणा और विश्वास में सांस्कृति परिवर्तन

हम राजनैतिक प्रक्रिया की ओर देखरहे थे, परंतु केवल यही एकमात्र या तरीका नही है जिससे सांस्कृतिक परिवर्तन लाया जा सकता है। हमारे समाज और राष्ट्र बदल सकते है यदि परमेश्वर के लोग इमानदारी से यह जांचे कि: ''यदि यीशु महापौर (मेयर) होता तो वह क्या करता?'' उसके लोगों को चाहिये कि वे जो उसकी सामर्थ पाप हैं और उसका प्रतिनिधित्व करतें है वे जहां भी हो नम्रता के साथ जैसा वह चाहता है उसी प्रकार का परिवर्तन लाएं।

यह स्पष्ट है कि हमारे समाज और संस्कृति में परिवर्तन होना जरूरी है। पौलुस कहता है सभी बातों का मसीह के आगे झुकना जरूरी है - और हम उसके प्रतिनिधि है। हमारे समाज के लोगों को आत्मिक नए जन्म की जरूरत है। हमारी संस्कृतियों को बायबल के अनुसार परिवर्तित होने की जरूरत है ता कि उन मूल्यों, सदाचार और नीतियों का जैसा परमेश्वर चाहता है और बायबल के सिद्धांतों पर आधारित हैं,पगट किया जा सके। जैसे परमेश्वर का राज्य हमारे जीवन और कलीसियओं को भेझता है और हम उसकी आज्ञाओं का पालन करते हैं - न्याय, सदाचार, नीति, संसारिक धारणा और विश्वास में हमारे देश और संस्कृति भी उसकी शिष्यता में आ जाएंगे।

समाज की बुराइयों कि सूचि बनाने में ज्यादा समय नही लगता। मै अपनी ही संस्कृति में पाए जाने वाली बुराइयों के विषय सोचता हूं। पारंपारिक पारिवारिक मूल्यों का त्याग हो रहा है। अधिकारी के प्रति बहुत कम सम्मान रह गया है। उपभोगिता काबू से बाहर हो चुकी है। पत्रकारिता मसीहियों की उपेक्षा करती है। जनता आत्मिक होने का दावा करती है परंतु संसारिक सामान्य धारणांए इश्वरहीन हैं। लैंगिक अश्लीलता मामूली बात बन गई है। सरकार और व्यवसाय में लिये जाने वाले निर्णय बायबल के अनुसार नहीं होते। हिंसा, अपराध, नशीलि दवाएं, और सांप्रदायिक शत्रुता करीब हर समुदाय में पाए जाते हैं। जीवन, अजन्मे, बीमार और वृद्धों के प्रति आदर कम हो गया है। मनोंरंजन इण्डस्ट्री स्वच्छंदता के बढ़ावा देती है। सिद्धांतों को दबाया जाता है। परमेश्वर और दूसरों से बढ़कर लोग उनके अधिकार और पसंद पर ध्यान देना ज्यादा महत्वपूर्ण समझते हैं।

> आश्चर्य की बात नहीं कि शोधकर्ताओं ने पाया कि संयुक्त राज्य अमरिका के नयजन्म प्राप्त मसीहियों में से केवल ९% लोग ही बायबल की विचारधार रखते है और कुल जनसंख्या के ४% लोग ही बायबल की विचार धारा रखते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि बायबल की विचार धारा रखने वाले लोग बहुत कम ही विवाह के बिना जीवन विच्यकड़पन, समलै, गिकता, धृष्टता, व्यभिचार, अश्लील साहित्य, गर्भ पात या जुआ को मंचूरी देते है या खुद करते हैं या क्षमा करते हैं। इन शोधकर्ताओं ने कहा: यदि इस पृथ्वी पर हमारे लिये आदर्श बनकर आया कि हमें कैसे जीना चाहिये, तो हम उद्देश्य भी यीशु के समान जीवन व्यतीत करना चाहिये। दूख की बात है कि केवल कुछ लोग ही मसीह के प्रेम आज्ञापालन और उस्की प्राथमिकताओं का पालन करते है। लोगों का यीशु के समान व्यवहार न होने का कारण है कि वे यीशु के समान नहीं सोचते .... अधिकांश अमरिकनों कों यह भी पता नहीं कि बायबल के सिद्धांतों का किस प्रकार अनुकरण किया जाए ताकि जीवन के चुनौतियों और अवसरों का सामने कर सकें।[२९]

[२९] ब

हमें - कलीसिया को - पृथ्वी के नमक और जगत की ज्योति बनना होगा।[३०] हमारे समाज और संस्कृति को महापौर (भेयर) सेवा देना यह हमारी जवाबदारी और अवसर है। तब हमें कैसे रहना चाहिये?

सामाजिक परिवर्तन - क्या यह दीर्घायु होता है?

जिन समाजों ने बायबिल के अनुसार परिवर्तन का पहले अनुभव किया है वे उसका फल भविश्य में भी खाने से क्यों वंचित रह जाते है? रब्बी दानिएल लेपिन द्वारा लिखित एक लेख ''समान भूकम्प के असमान परिणाम'' उस प्रश्न के उत्तर पर प्रकाश डालता है।[३१] रब्बी लेपिन लिखते हैं कि जब संस्कृतियां बाइबल की विचारधारा से हर जाती हैं वे बड़ा जोखिम उठाति है। जब सुलमौन के समय के इस्त्राएल ने परमेश्वर की आज्ञा का उलंघन किया, वह संसार के समृद्ध राष्ट्र से घटकर हारा हुआ गुलाम राष्ट्र बन गया। जब यूरोप और उत्तर अमरिका के प्रगतिशील राष्ट्र उनके बायबल के सिद्धांतो से फिरने लगे उनका भी पतन होने लगा। एक देश की हरपीढ़ी (परमेश्वर) सृष्टिकर्ता को जानने, प्रेम करने और उसकी आज्ञा का पालन करने को समर्पण विषय या तो बढ़ती है या घट जाती है। हर पीढ़ी का जीवन में परमेश्वर की आज्ञाओं के प्रति लिया गया निर्मय और कार्य का प्रभाव उनकी ानेवाली पीढ़ियों पर पड़ता है। परमेश्वर और उसकी योजनाओं के प्रति झकाव एक पीढ़ी और उसके आने वाले वंश को उपर की ओर ले जाति है। परमेश्वर की योजना से फिर जाना पतन की शुरुवात करता है।

हां सामाजिक परिवर्तन बने रह सकता है, परंतु हर पीढ़ी उन कार्यों के लिये जवाबदार रहती है जो जीवन यामृत्यु की ओर ले जाती है। क्योंकि कलीसिया पीढियों को आगे बढ़ाती है, वही संस्कृति को एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी तक उन सिद्धांतों को जो बाइबल के अनुसार नहीं है ले जाने से ''रोक'' ससकती है, और उसके समाज तथा राष्ट्र जीवन की ओर ले जा ससकती है।

स्थानीय कलीसिया समाज को प्रभावित करने के ६ कारण

मसीहियों के पास परमेश्वर के समान सोचने और उसकी योजनाओं के अनुसार जीने की योग्यता है। यह स्थानीय कलीसिया को एक अनोखी और कौशल्यपूण क्षमता प्रदान करती है कि वह किसप्रकार समाजपर प्रभाव डाल सके! हमारी सबसे बड़ी ताकत यह है कि मसीह कलीसिया का सिर है। परंतु उसके अलावा कम से कम ६ और तर्कपूण कारण है जो यह पताते है कि स्थानीय कलीसिया किस प्रकार समाज को जिसमे रहती है, प्रभावित करता है:-

१ स्थानीय कलीसिया की सर्वांगिण आज्ञा है। यदि स्थानीय कलीसिया परमेश्वर की महान योजना के अनुरूप हो तो हर रीति से व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सम्मिलित रहेगी। उसके पास अपने समाज के लिये और प्रत्येक व्यक्तियों के लिये जो उसमें रहते हैं एक दर्शन होगा - अर्थात उनके भौतिक, आत्मिक, सामाजिक और बौद्धिक जरूरतों के पूर्ति के लिये। वह स्वंय को केवल अपने सदस्य या समाज के भलाई करने तक ही सीमित नहीं रखती। वह स्वंय को परमेश्वर के एक

[३०] ब

[३१] ब

या दो आसाओं के पालन तक ही सीमित नहीं रखती। यदि कलीसिया मे परमेश्वर की विशाल योजना का असर हुआ है वह उद्देश्यपूर्ण रीति से जीवन के सभी क्षेत्रों मे कार्य कत्ता है।

२. स्थानीय कलीसिया अपने लोगों को वचन से लगातार सुसिक्षत करती रहती है। कलीसिया उपदेशों, बाइबल स्टडी, संडे स्कूल छोटे समूहों और अन्य माध्यमों द्वारा नियमित रूप से सिखाए जाने प्रोत्साहित किये जाने, तथा तैयार किये जाने के लिये इकट्टी होती है। इक्ट्टे होने की यह नियमित प्रक्रिया सदस्यों को वेजहां भी हो - घर मे, समाज में, कार्यक्षेत्र में और स्कूल मे - परमेश्वर की इच्छानुसार जीना सिखाति है। प्रेरित पौलुस ने कहा कि कलीसिया के अगुवे परमेश्वर के लोगों को सेवा के लिये तैयार करते है। ''तयार करना'' जान से कहीं बढ़कर है। यह तैयारी और अनुभव प्रदान करता है। यह लोगों के कौशल्य, नीति, समझ, योग्यता आत्मिक वरदानों, विश्वास और इमानदारी का विकास करती है।

३. स्थानीय कलीसिया समाज के विभिन्न पहलूओं को दर्शाती है। स्थानीय कलीसिया समाज के सभी वर्गो, जाति समूहों, शैक्षणिक स्तरों, और व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करती है। कलीसिया के सदस्य बाहरी झोपड़पट्टियों और बड़ी कालानियों में रहते है। वे शिक्षणिक संस्थाओं, व्यवसायी समुदाय, नौकरी पेशा, समाचार पत्र तथा कला, खेल की दुनिया चिकित्सक, समाज सेवी, कृषि, निक्री, उत्पादन, कारखाने कानून, श्रामिको, और सरकार में कार्यरत होते हैं।

कलीसिया के अलावा हम और कहां उन भिन्न लोगों को एक ही पटल पर पा सकते है? समाज के ये विभिन्न घटक एक अकेले स्थानीय कलीसिया में नहीं पाए जा सकते। यदि समाज के सभी भागों में स्थानीय कलीसियाए हो तो उनमे मसीह के प्रतिनिधि भी होंगे। कुल मिलाकर स्थानीय कलीसियाओं के पास समाज के कई भागों में परमेश्वर की इच्छा को प्रगट करने के अवसर होते हैं - जहां उनके सदस्य रहते हों, काम करते हों, इकट्टे होते हों दुकाने हो, पढ़ते हों या मनोरंजन करते हों। कलीसिया का बढ़ता हुआ प्रभाव तक दिख पड़ता है जब समाज में कलीसिया बनी रहे। यह तब नही दिख पड़ता जब मसीही कलीसिया नामधारी है। यदि नामधारी भी है। तो भी कलीसिया वह अपनी संस्कृति पर प्रभाव डाल सकती है जैसे प्रकाश की एक किरण अंधियारे को चीरती है।

४. स्थानीय कलीसिया देशी होती है। बहुधा, स्थानीय कलीसिया। समाज के बाहर से आए हुए लोगों के समूह ..... स्थापित की जाती है। प्रारंभिक ''लक्ष्य'' पूरा होने के बाद वह स्थानीय हो जाती है - उसके सदस्य और अगुवे उसी समाज से आते हैं जिनके बीच वे सेवकाई करते हैं। ऐसा उन्हीं कलीसियाओं के साथ होता है जिनका संचालन बाह्यी किसी संप्रदाय या रूदिवादी संस्था से न होता है।

५. स्थानीय कलीसिया आत्म-निर्भर होती है। क्योंकि स्थानीय कलीसिया देशी होती है अधिकतर वह स्थानीय श्रोतों के द्वारा अपने कार्यों के लिये आत्म निर्भर होती है। कई अन्य संस्थाए - विशेषकर जो गरीबों के बीच कार्य करती है - समाज में परिवर्तन लाने के लिये बाहर से आती हैं। उसलिये ऐसी कई संस्थाएं के कार्यक्रम बिना बाहरी सहायता के नही चल पाती परंतु स्थनिय कलीसिया देशों और आत्म निर्भर होने के कारण अपने नियमित कार्यों मे बिना किसी बाहरी या व्यक्तिगत मदद के चलती रहती है।

६. कलीसिया जीवन भर उसके सदस्यों के साथ जुड़ा देति है। कुछ अन्य ऐसी संस्थाए होती है जहां लोग स्वेच्छ से, नियमित रूप से जीवन भर यह सीखने के लिये आते रहते हैं कि किस प्रकार का जीवन जिया जाए। स्थानीय कलीसिया सभी उम्र के विश्वासयियों - बच्चों तरुणों, जवानो और ..... - को सिखाने के लिये बाध्य होती है। समाज को कुछ संस्थाओं में यह बात पाई जाति है शोसाठिया संस्थाएं - जब तक उनके विदायर्थी उनके साथ है - तब तक हि उन्हें जीवन के विषय सिखा सकते है। व्यवसाय भी तब तक ही उनके कर्मचारियों को प्रभावित कर सकते है जब तक वे उनके लिये काम करते हों। राजनीतिसे भी नागरिकों से तब तक कह सकते हैं जब तक वे सत्ता मे हों।

स्थानीय कलीसिया ऐसी जगह है जहा मदस्य लंबे अरसे तक जुके रह सकते है, जहा सहायता दी और ली जाती है जहा सदस्य परिपक्व होते है और अपने दायो के बाहर जानकर वचन की सेवकाई भी कर सकते हैं। यह एक अदभुत बात है। परमेश्वर हमें उनकी भरपूरी से भर देता है। उसका सामर्थ हममें कार्य करता है और उसकि महिमा कलीसिया में दोती है - सभी पीढ़ियों के लिये।[३२]

कलीसिया के उन्नति के विषय के दीपः

आज कई कलीसियाओं में एक गलत धारणा है- एक धारण कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुसम ाचार सुनाने और संख्या को कलीसयि के बढ़ने से समज अपने आप ही बदल जाएंगे। परंतु कलीसिया का प्राथमिक उद्देश्य गिन्ती मे बढ़ना नही होना चाहिये! कभी-कभी गिन्ती में बढ़ने वाली उन्नति के लियें कुछ कीमत भी चुकानी पड़ती है जैसे हमारी संस्कृति को ठेस न पहुंचाने या हमारि संस्कृति के उन पहलुओं का विरोध न करनेसे जो परमेश्वर का शिक्षा के अनुसार न हो। के उद्देश्य से उपदेश को अप्रभावि करना। प्रेरित पौलुस लिखता है कि हम एक युद्ध में है।[३३] यह एक बड़ा युद्ध है, छुटपुट चलनें वाला नही। हमें अपने पक्ष का बचाव करना चाहिये और विरोधियों को चुनौति देना चाहियें। हमारे साथ ...... के लिये हमे लोगों को लुभाना या शिश्यता के नियमो मे ढ़ीला नहीं करना चाहिये।

मेरे एक सहकर्मी ने मुझे दो कलीसियाओ की सही तुलना को बताया। ये भौतिक नही है लेकिन सेवकाइयों की नीति है। एक झील चाहे वह कितनीभी बड़ी क्यों न हो, फिर भी उसकी सीमाए है - वह जड़ या धर सकती है। वह स्थिर भी हो सकती है। परंतु नदियां किसी भी दिशा में जा सकती है। उनमें गति होती है, वे प्रवाह को बदल सकती है और वे लोगों को जहां वे जाना चाहते है वहां पहुंचा सकती हैं। झील के जैसी कलीसिया अधिक से अधिक लोगों को इकट्टा कर सकती है परंतु उसकी सफलता बजाय इसबात से कि उसके लोग चरित्र और सेवा में बढ़ रहे हैं या नही, उसके आकार से मापीजाती है। नदी के जैसी कलीसिया बहते वक्त लोगों को प्रभावित करती हैं और उनके किनारों तक छलकती हैं। झील का मुद्दा होता है कि लोग कितने थे।'' नदी का मुद्दा होता है ''जो लोग आए थे उनका क्या हुआ।'' झील का प्रश्न होता है ''कितने लोगों ने कार्यक्रम में भाग लयि?'' नदी का प्रश्न होता है ''कार्यक्रम के द्वारा कितने लोगों में परिवर्तन आया''[३४]

---

[३२] ब

[३३] ब

[३४] ब

जब कलीसियाए स्वर्गीय सिद्दांतों के आधार पर उन्नति करती है, उनके सदस्य उद्दारकर्ता की प्रभुता के अधीनता में समर्पित होते हैं और उसकी प्रभुता को उनके व्यक्तिगत, पारिवरिक और सामाजिक जीवन मे प्रगट करते है। जब कलीसियाओं की उन्नति उस प्रकार से होती है तब समाज में परिवर्तन आता है। जब परमेश्वर की आसा का पालना जैसे स्वर्ग में उसी तरह पृथ्वीपर किया जाता है तब परमेश्वर का राज्य दिख पड़ता है। बात संघ्या की नही परंतु आज्ञा पालन की है। जब उसकी आज्ञापालन की चाति है तब संस्कृतियों को बदलने के लियें परमेश्वर कलीसिया का उपयोग करता है।

स्थानीय कलीसिया की बल और क्षमता

कहीं भी किसी भी संस्था से बढ़कर संस्कृतियों को बदलने की सबसे अधिक क्षमता कलीसिया में होती है। जब हम क्षमता को देखते है वह हमे यह समझने में सहायता करती है कि मसीह ने कलीसयिा को क्यों बनाया, विशेषक स्थानीय कलीसिया जिसके द्वारा वह अपनी महान जोयना को लागू करता है। कलीसिया उसके राज्य की घोषणा करती है और उसे आगे बढ़ति है। वह परमेश्वर की इच्छा को जैसे स्वर्ग में पूरी होती है वैसे पृथ्वी पर भी पूरी करने में सहायता करती है। कई स्थानीय कलीसियाएं ऐसी समझ नही रखतीं, कारण वे अपनी जिम्मेदारी की समझ नही पाती और वे परमेश्वर द्वारा दी गई उनकी छिपी क्षमता को नहीं पहचानती। परमेश्वर के आदर्श और सामर्थ के द्वारा वे काफी क्षमता रखती है।

परमेश्वर कलीसियाओं और व्यक्तियों को बुला रहा है कि वे उसे समाजों में प्रगट करे, खेदित तथा दुखी लोगों को सात्वना दें और समाज, सदाचार तथा सिद्धांतों के पथप्रदर्शक बने। कलीसियाओं को उनकी अपनी नही परंतु परमेश्वर की सामर्थ से कार्य करना चाहिये। परमेश्वर सामर्थी है। वह हमारे बिना भी परिवर्तन लासकता है, परंतु उसने हमें चुना है। वह हमें असंभव काम करने को नही कहता और न त्याग देने के लिये। वह हमें तैयार करता, अधिकार देता, लोग देता और वरदान देना जिनकी हमें जरूरत होती है और उस कार्य को पूरा करने में हमारी अगुवाई करता है। कलीसिया उसके हाथों में एक साधन है जो पुन:मिलन में मध्यस्थी करी है। ऐसा कारण जिसें हम पूरी तरह नही समझ सकते वह यह है कि संसार मे प्रभु परमेश्लवर ने उसकी योजना को पूरी करने के लिये उसके लोगों को चुना है-ताकि वे दुखी संसार में उसके हाथ, बाहें, पैर और बोलने वाले बन जाएं

स्थानीय कलीसिया को गवाही के लिये तैयार करना

१०

बीस वर्ष से भी ज्यादा वर्षो से मै ने परमेश्वर को विश्व के कलीसियाओं को ात्मिक सेवकाई के विस्तृत कार्यसूचि से वचन की विशाल योजना की ओर लेजाने के लिये स्वतंत्र करते हुए देखा है। एक संकृचित केंद्र पतित संसार के प्रति परमेश्वर की योजना को छिपारखता है। वह कीसिया के जो परमेश्वर की दूतावास है, मार्ग में रुकावट डालता है। परंतु जब एक कलीसिया अपने ..... को परिवर्तन के उन सब कार्यों को करने के लिये प्रेरित करती है जो यीशु ने महापौर (मेयर) की तरह किया होता तो उसके परिणाम प्रभावित तथा आश्चर्यजनक होते हैं।

मैं बताना चाहता हू कि सर्वांगीण सेवकाई में ध्यान लगाना सुसमाचार प्रचार की जलरत को किसी भी तरह से कम नहीं करता - अर्थात परमेश्वर के प्रेम और छुटकारा को कहने और लिखने में रुकावट नही उटाता। सुसमाचार का प्रचार कलीलिया के लिये परमेश्वर की योजनाओं के पूरा करने में बराबर का हिस्सेदार है। परंतु हम यहां दूसरें हिस्सेदार के विषय बात कर रहे है - अर्थात परमेश्वर के प्रेम का प्रायोजित प्रदर्शन। हम उस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि ..... सेवकी किस प्रकार स्थानीय कलीसिया और उसके सदस्यों के जीवन मे गरहाई से एक विशेषता बन जाति है।

आफ्रिका के एक संप्रदाय में प्रत्येक स्थानीय कलीसिया ने पूरेवर्ष के लिये ''एक दूसरे से प्रेम करने'' का ..... किया। यह अच्छी बात है। फिर भी हमें यह कभी नहीं कहना चाहिये कि ''और वह पिछले वर्ष का पूण था।'' जब सवाँगिण सेवकाई हमारि कलीसिया की डी.एन.ए. है तो हमारे पड़ोसियों से प्रेम ाने वाले सभी वर्षो के लिये हमारा ..... होजाता है।

डी.एन.ए. का रोपण

जब मै एक घरेलू आराधना कलीसिया में प्रचार कर रहा था तो वहां मुझे एक प्रश्न पूछा गया। एक विश्व स्तरीय अगुवे ने पूछा:

> ''बॉब, आप संसार में जो कई स्थानीय कलीसियाओं को देखते हैं तो उनमें और सर्वांगिण सेवकाई में क्याफर्क पाते हैं? व कौनसी बातें है जो उन्हें इस शिक्षा को ''पकडे रहने'' और उसी प्रकार जीवन झिताने की प्रेरणा देती है? हमने हमारे चर्च में एक सभा का आयोजन किया। हमारी घरेलू कलीसिया ने कुछ मूल योजनाओं पर कार्य किया। परंतु मैं चाहता हूंकि ये हमारी कलीसिया के द्वारा भी ..... जाएं! मैं चाहता हूं कि ये भी हमारे ही अंग बन जाएं! वे कौनसी नाते है जो सर्वांगिण सेवकी को स्थानीय कलीसिया के डी.एन.ए. के अंग बनाती है।

यह कितना चुनौतिपूर्ण प्रश्न है? विज्ञान कहता है कि मेरे डी.एन.ए. में एक अनोखी ''गुप्त पहचान'' है। मेरा डी.एन.ए. मेरे विषय जानकारी देता है मेरी उपस्थिति को बताता है, मेरी योग्यताओं को और मेरी विशेषताओं को बताता है - उस बातों को जो मै अपने बच्चों और नाती-

पोतो को वंश की पहचान के रूप में देना हूं। एक स्थानीय कलीसिया का डी.एन.ए. उसकी पहचान की बारीकी गुण और मुख्य हो सकते हैं - वे अनोखे और उल्लेखनीय जो वह अपने सदस्यों को देती है।

मेरा मित्र यह जानना चाहता था कि किस प्रकार एक स्थानीय कलीसिय सर्वांगिण सेवकाई में घुल-मिल सकती है जैसे वह उसका पहचान का ही क अंश हो। मैं रात भर जागता रहा और सही हल पाने की कोशिस करता रहा। सुबह होने तक मैने पांच विशेषताओं को जाना जिन्हें मैने युगांडा के बडे चर्च के पास्टर को बताया और उस पर चर्चा किया। उनकी कलीसिया में सर्वांगिण सेवकाई का डी. एन.ए पाया जाता हैं और मै उनकी राय जानना चाहता था। वास्तव में, जब लोग हमारी कलीसिया के साथ जुड़ना चाहते हैं तो हम उन्हें बताते हैं, ''हम सर्वांगिम है। यही हमारी पहचान है। यदि आप हमारे साथ जुड़ना चाहते हैं तो इसके लिये आपने आपको तयार करना होगा। यदि आप हमारे अंग बन जाते हैं तो आपको भी सर्वंगिण सेवकाई करना होगा।'' उन्होने बताया कि जब वे कलीसिया के साथ जुह जाते हैं तो वे कलीसिया के डी.एन.ए को जान लेते है। वे उनसे की जाने वाली उम्मीदों को जान लेने हैं-कि उन्हें एक छोटे समूह में रहना होगा, उन्हें समाज की सेवा करनी होगी और यह भी जान लेते हैं कि उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा। वे कलीसिया के संगठित (विविध) व्यक्तित्व को समझते है। युगांडा के पास्टर इन पाचों बातों से सहमत हो गए। उसके पश्चात हमारे सहकर्मियों ने दो और बातों को बताये - जिन्हें मिलाकर कुल सात बाते हो गई।[१]

स्थानीय कलीसिया के डी.एन.ए के घटक

१. *दोष स्वीकृति:* कलीसिया का सर्वोच्च अगुवा इस बात को अच्छी तरह जानता और आश्वत है कि मसीह के प्रेम के प्रदर्शन में कोई समझौता नहीं होता। यदि अगुवे उस से आश्वत नहीं है तो सर्वांगिण सेवकाई कलीसिया के डी.एन.ए का भाग नही हो सकती - यदापि कलीसिया कभी[२] सर्वांगिम सेवकायी भी करती रहै। कलीसिया के अगुवों को यह बात भी मानने होगी कि जब वे पने पड़ोसियों से प्रेम करते हैं तो यह परमेश्वर ही है जो उनकी सेवकाई का फल देता है। वे फल को देख नही पाएंगे परंतु वह उनकी अगली पीढ़ी में ही मिलेगा।

DNA Elements

1. Conviction
2. Repentance
3. Commitment
4. Application
5. Ongoing teaching
6. Accountability
7. Acknowledgement

२. *पश्चाताप:* एक सर्वांगिण कलीसिया उसके पिछले आज्ञा उलंघन, भरताव के लिये पश्चाताप करती है और परमेश्वर की संगीत में नये मार्ग पर पुरे हृदय और समर्पण के साथ चलता है। कई स्थानो में जहां हमने प्रचार किया, परमेश्वर की आत्मा ने उसके महान उद्देश्य को समझने के लिये कलीसिया की आखें खोलना शुरू कर दिया हैं। परमेश्वर ने पास्टरों और अगुवों में समाज के पतन के ..... हल ढूंढने की उच्छा जागृत कर दिया है। वे उनकी सेवकाई और समाज के लिये परमेश्वर की योजनाओं के बीच की दूरी को देख सकते हैं। वे मानते है कि कलीसिया परमेश्वर

[१] ब

की योजनाओं को पूरा करने में असक्षम रही है। परमेश्वर की इच्छा को पूरा न करपाना पाप है - भले ही वह जानबूअकर न किया हो। केवल पश्चाताप ही उसका हल है, जिसे मैं आपको समझाना चाहता हू। ''पश्चाताप'' करने का अर्थ है घूमजाना और दिशा बदल लेना। यह घूमजाना और पवित्र आत्मा की अगुवाई मे परमेश्वर को हमें बदलने का मौका देना है। बाइबल हमें उन उत्सवों के विषय बताती है जहां उल्लेखनीय अवसरों को मनाया गया। एक कलीसिया आराधना सभा या किसि अन्य तरीके से उसकी पिछली अंधी अवस्था के विषय पश्चाताप करना चाहेगी और बदलने तथा आगे बढ़ने के लिये समर्पित होना चाहेगी।

३. *समर्पण:* पास्टर और अगुवे वे सब करने के लिये समर्पित है जो उनकी कलीसियाओं को सर्वांगिण -सेवकाई की ओर ले जाति है। वे कलीसिया के लिये दर्शन के साथ कार्य करते हैं, और वे व्यक्ति गत रीति से सेवकाई के जीवन को समर्पित है। उनका समर्पण त्याग, जोखिम, समय और प्रयत्नों की मांग करता है। उन्हें पुनर्गठित होना पड़ेगा। उन्हें कलीसिया की कुछ गतिविधियों कों छोड़ना होगा। उन्हें कलीसिया के सदस्यों को खोना होगा। उन्हें अर्थिक हानि उठाना होगा, या उन्हे किसी कार्य को करने के लिये अधिक धन की आवश्यकता होगी। उनका संप्रदाय (संस्था) या सहकर्मी उनकी इमानदारी पर शक कर सकते है। फिर भी कलीसिया के अगुवे सर्वांगिण सेवकी को कलीसिया की सामान्य स्वाभाविक जीवन शैली बनाने के लिये पूरी तरह समर्पित है।

४. *अमल:* स्थानीय कलीसिया के अगुवे अपनी शिक्षा और व्यक्तिगत जीवन में सर्वांगिण सेवकी को अमल में लाने पर जोर डालते है। कलीसिया की गतिविधियों मे सर्वांगिण सेवकाई दिख पड़ती है। कलीसिया के अगुवे सर्वांगिण सेवकाई के न केवल सोचने और बोलने वाले है परंतु उसके अनुसार कार्य करने वाले भी है। वे उन तरीकों का जिनका वर्णन आने वाले अध्यायों में है - अर्थात प्रेमका अनुशासन और मूल योजना - का उपयोग करते और ..... करते है। करीब करीब इस उदेश और बाइबल अध्ययन में सर्वांगिण सेवकाई के विषय कहाजाता कियाजाता और अमल में लाया जाता है।

५. *नियमित शिक्षा:* कलीसिया के सदस्यों को अच्छे कार्य करने का आज्ञा के विषय याद दिलानेकी जरूरत होती है। सर्वांगिण सेवकाई के विषय किसी सम्मेल में बताया जाता है परंतु उसके पश्चात उसे भुलाया नहीं जाना चाहिये। यह वैसा ही होगा जैसे सुसमाचारा के द्वारा किसी व्यक्ति को मसीह के पास लाना; परंतु ..... उन्हें वचन की याद न दिलाना उनको वचन के विषय जानकारी नदेने तथा समझने के विषय ध्यान न देना होगा। सर्वांगिण सेवकाई कलीसिया की ..... तारो से जुडी हुई है - उपदेश में बाइबल अध्ययन में उपासना में छोटे समूहों मे और तैयार करने में। सर्वांगिण सेवकाई कलीसिया में अधिकतर जोर दिये जाने वाली चर्चा का विषय है। सर्वांगिण सेवकी में कलीसिया नियमित और सुचाऊ रूप से प्रचार, शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करती है।

६. *जिम्मेदारी:* जिस कलीसयिा में सर्वांगिण डी.एन.ए. पाया जाता है वहां विश्वासयोग्य और प्रेमपूण सेवा के प्रति - व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर - भौतिक जिम्मेदारी पाई जाति है। कलीसिया के अगुवे स्वयं को और सदस्यों को सेवा कार्य के लिये जिम्मेदार ठहराते हैं। लोग जवाब देही देना

पसंद करते है। छोटे समूह के अगुवे अपने समूह की सेवकाई से संबंधित रिपोर्ट पेश करते है। हर व्यक्ति जवाबदार होता है और कलीसिया भी उसके सदस्यों को जवाब देही होती है। जिस प्रकार कलीसिया धन हाजिरी, सदस्यता, बप्तिस्मा या मसीहि के प्रति समर्पण के विषय रिपोर्ट पेश करती है, उसी प्रकार वह सर्वांगिण सेवकाई के विषय भी रिपोर्ट पेश करती है।

७. *मान्यता:* जब सर्वांगिण सेवकाई किसी स्थानीय कलीसिया के डी.एन.ए का भाग बन चाती है, सब कलीसिया उसके या उसके सदस्यों द्वारा किये गये सेवा कार्यो का सम्मान किया जाता है। यह उत्सव लोगों की अच्छाईयोंका सम्मान करने के लिये नहीं-परंतु इसलिये होता है कि परमेश्वर ने लोगों को जैसा वह चाहता है वैसे हो उसके राजदूत होने के लिये सामर्थी बनाया। इसके कई तरीके है:

- *आराधना सभा में:* कलीसिया की साप्ताहिक आराधना सभा में गवाही देने की अनुमति दी जाती है। उस बात का ध्यान रखा जाता है कि उसके लोगों द्वारा केवल परमेश्वर को ही महिमा मिले मनुष्य को नहीं। मत्ती ५:१६ कहता है, ''उसी प्रकार तुम्हारा उजीयाला मनुष्यों के सामने चमके कि वे तुम्हारे भले काम को देखकर तुम्हारे पिता की जो स्वर्ग में है, बढ़ाई करें।''

- *छोटे समूहों में:* संडे स्कूल, बाइबल स्टडी या घरेलू समूह में जैसी उम्मीद की जशाति है हर व्यक्ति उसकी सेवा मे आज्ञापालन के कारण परमेश्वर ने पिछली सभा के पश्चात उसका किस प्रकार उपयोग किया उन बातों का वर्णन करता है।

- *सूचना प्रसारण के द्वारा:* कलीसिया उसके सूचना फलक पर या समाचार पत्रिका में या कलीसियाई पत्र में घटनाओं और संबधित छायचित्रों को स्थान देती है।

जब हमारा नया जन्म होता है तब हमें मसीह का डी.एन.ए प्राप्त हो जाता है - अर्थात उसके स्वरूप होजाना। हम पहले से ही उसके स्वरूप है परंतु हमें उसके अनुसार चलने की जरूरत है। वचन मे भी सर्वांगिण सेवकाई के विषय पहले से ही लिखा है। जब स्तानीय कलीसयिा के लोग उसी प्रकार कार्य करते है तब वह उनकी कलीसिया के डी.एन.ए का अंग बन जाता है।

स्थानीय कलीसिया के लिये परमेश्वर के दर्शन को जानना

जब स्थानीय कलीसियाएं सर्वांगिण दर्शन को अपना लेती हैं और सर्वांगिण सेवकाई के लिये उनके सदस्यों को तैयार करती है, उन्हें सर्वांगिण दर्शन को जानने, अपने लोगों को अवगत कराने और समाज में प्रायोग रूप से अमल में लाने के लिये अवश्य कदम उठाना चाहिये।

तैयार करना शिक्षा देनेमे बढ़कर है। उसका अर्थ नमूना पेश करना, प्रशिक्षण देना, साहित्य प्रदान करना, चरित्र और नीति का रोपण करना, दर्शन को बढ़ाना जान और अनुभव बांटना, परिपक्व करना और शिष्य बनाना है। यह नये पैमाने पर तैयारी है।

कलीसिया के अगुवो द्वारा सर्वांगिण सेवकाई के दर्शन की प्राप्ति के विषय हम उनसे पूछना चाहेंगे: ''यदि यीशु महापौर (मेयर) होना तो आपके समाज मे किस प्रकार का परिवर्तन हुआ होता।'' दर्शन

ही कुंजी है। ''जहा दर्शन नहीं लोग नाश हो जाते हैं।''[२] बिना दर्शन वाली कलीसिया अपनी पूर्ण वस्था को बनाए रखने से बढ़कर बहुत कम ही कुछ कर पाती है। उसके पास समाज मे परमेश्वर के राज्य के लिये कुछ करने के लिये बहुत कम ही संभावनाए होती है। परंतु एक दार्शनिक कलीसिया के पास अल्पकालीन और अनंतकालीन महत्व के कार्यो को करने की ..... क्षमता होती है।

कलीसिया के लिये परमेश्वर का दर्शन साधारणत: चरवाहे से ..... तक पहुंचता है। उसके पश्चात वह कलीसिया। की रोजमर्रा जीवन में - मिशन स्टेटमेंट, पुलपिट (मंच) बाइबल अध्ययन, संडेस्कूल, छोटे समूह, और सेवा योजना ओं से - बताया तथा कार्यान्वित किया जाता है। उसे कलीसिाया की जीवनशैली बनाने के लिये दर्शन को बांटना, उसके अनुरूप कार्यकरना महत्वपूर्ण बात है।

दर्शन को कलीसिया में बांटने के लिये पास्टरगण सबसे अधिक तम प्रभावशाली होते हैं जब वे उसे कलीसिया के इन सभी अगुवों को प्रथम ..... है - पास्टरगण, अगुवे शिक्षक और कर्मचारी । पास्टर और अगुवों को चाहिये कि वे वही दर्शन रखना और अमल मे लाना चाहिये और लोगों की परमेश्वर की इच्छा के अनुरूप अगुवाई करना चाहिये।

प्रचार तब अधिक प्रभावशाली होता है जब सारी कलीसिया उसे सुने। उपदेशों के द्वारा कलीसिया वचन को सुनती है और वही बात संडेस्कूल, बाइबल स्टडी, करेलू संगति, शिष्यता समूह आराधना, जवानों की सेवा परामर्श सेवा और सुसमाचार प्रचार समूहो तक पहुंचाती है।[३]

कलीसिया के मिशन और दर्शन प्रक्कथन के रूप में बहु उद्देशीय सेवकाई का एक भाग होना महत्वपूर्ण है। कलीसिया के प्रसिद्ध अगुवें ने मिशन स्टेटमेंट को कलीसिया की सेवकाई के संक्षिप्त विवरण के रूप मे परिभाषित क्रिया जो कलीसिया के अस्तित्व में होने की आवश्यकता को बताता है - उदाहरण: भेचे जाने के लियें महान चुनाव[४] और महान आज्ञा।[५] दर्शन की व्यख्या स्थानीय कलीसिया की अदभुत बुलाहट को परिभाषित करती है - उसकी भौगोलिक स्थिति, जिनके मध्य सेवकी की जाती है, तरीके या अंतिम .....।[६] बहुधा व्यक्तिगत रूप से मै ''दर्शन'' को बहुत विशाल और ''मिशन'' (लक्ष्य) को अनोखा समझता है। हर रीति से यहस्थानीय कलीसिया की सामान्य तथा विशिष्ट बुलाहट को बहू उद्देशीय होने में महत्लवपूर्ण है। यह आवश्यक है कि कलीसिया का दर्शन और लक्ष्य केवल परमेश्वर की योजना के ही अनुरूहप है - ातत्मिज्ञक भौतिक और सामाजिक क्षेत्रों में। वे इन बातों कों प्रगट करेंगे जिन्हें मैने निम्नलिखित तरीके से क्रमबद्ध किया है:

- मसीह को प्रभु बताना और उसके लिये दूसरों की सेवा करना (२कुरि-४:५)।
- संसार में जाकर राष्ट्रों को शिष्य बनाना, और परमेश्वर की आसाओं को मानना सिखाना (मत्ति २८:१९)।

---

[२] ब

[३] ब

[४] ब

[५] ब

[६] ब

- परमेश्वर की योजना को पूरी करना और परमेश्वर के राज्य को बढ़ाना (मत्ति ६:९-१०)।
- सभी बातों को बहाल करो (कुल १:२०)।
- संगति, आत्मचिंतन और प्रार्थना के विषय सिखाना। (प्रेरितों के काम २:४२)
- नमक, ज्योति, और खमीर होना (मत्ति ५:१३-१६; १३:३३)
- न्याय चुकाना, कृपालु होना और परमेश्वर के साथ नम्रता से चलना। (मीका ६:८)
- संगीत और स्तुति के द्वारा आराधना करे। (फूल ३:१६)
- पवित्र लोगों के सेवा के कार्य के लिये सिद्ध करना (इफि ८:११-१२)
- छोटे से छोटे के साथ वही करना जैसा मसीह साथ करते है। (मत्ति २५:४०)
- प्रेम और भले कामों के लिये एक दूसरे से मिलना और प्रोत्साहित करना (इब्रा.१०:२४-२५)
- एक दूसरे की चिंता करना (रोमियो १२:१३)
- सब बातों से बढ़कर परमेश्वर से और अपने पड़ोसियों से प्रेम करना। (मत्ति २२:३७-३९)

यदि लक्ष्य और दर्शन नही तो पास्टर और समर्पित अगुवों की यह जिम्मेदारी है कि वे उन्हें तैयार करें। जो लोग किसी संस्था में है उन्हें संस्था का मिशन स्टेटमेंट का पालन करना चाहिये और उनके संस्था की बहुउद्देशीय सेवकाई की बुलाहट को दर्शन के स्टेटमेंट के द्वारा स्पष्ट करना चाहिये।

दर्शन को दूसरों के साथ बांटना और लागू करना

जब पास्टर और अगुवों द्वारा बहुउद्देशीय सेवकाई का दर्शन समझ लिया गया हो तो उसे कलीसिया के व्यक्तिगत, पारिवारिक और छोटे समूहमें और उनके द्वारा बांटना और अमल में लाया जाना चाहिये। कभी-कभी पास्टर और अगुवे उस समय ऐसा सोचने लगते है; ''अभी ठहरों! हमारी कलीसिया छोटि है। हमारे पास धन नही है! लोग ऐसा नही करेंगे।'' मेरा तात्पर्य बडे बैमाने के योजनाओं से नहीं है जिसके लिये काफी धन और समय निवेश करने की जरूरत होती है। नही, यह एक बड़ें पैमाने के दर्शन का है जो छोटी योजनाओं, समय के त्यागपूर्ण निवेश, वैशल्य और अन्य साधनों द्वारा पूरा किया जा सकता है। परमेश्वर की बड़ी योजनाओं के लिये छोटी-छोटी बातों पर अमल करना अर्थहीन दिखापड़ेगा परंतु दूर के गंतव्य एक बार में एक कदम के उठाए जाने के द्वारा ही पूरे किये जाते है। परमेश्लवर की इच्छा को एक बार मे एक बात अमल करने के द्वारा ही पूरी होती है। मै यह कहना चाहता हूं, ''..... को खाने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?'' उद्दर है, ''एक बार में एक .....!'' कृपया समझने की कोशिश करे कि मै वासतव में ..... नही खाना। परंतु जब मै विशाल कार्य को देखता हूं, वह मुझे यह समझने की याद दिलाता है कि एक के बाद एक छोटे पैमाने पर किये गए ..... दर्शन को पूरा कर सकते है।

म्यानमार के हमारी एक सभा में हमने सैकड़ों पास्टर और ..... के अगुवों को कई छोटे समूहों मे बांट दिया। हमने प्रत्येक समूह से छोटी योजना को तैयार करने और संपूर्ण सभा के सामने उसे प्रस्तुत करने को कहा। एक ..... चिकित्सक उसके देश की चरूरतों को अच्छी तरह जानती थी और उसने सोछि कि उसके समूह की साधारण योजना अर्थहीन होगी। फिर ..... अन्य समूहों

ने भी अपनी योजना को तैयार किया और उन्हें प्रस्तुत किया। अब उसने उन सब कों क सात पाया तो वह चिकित्सक उनके सामूहिक कार्य को देखकर चकित रह गई!

दर्शन को पूरा करने के लिये कलीसियों को पारंपरिक और अपारंपरिक शिक्षा के माध्यम से कार्यरत करने के लिये निम्नलिखित तरीके है - अर्थात एक बार में एक ..... खाना।

वे जहां भी हों

पहला स्थान जहां परमेश्वर चाहता है कि उसके लोग उसका प्रतिनिधित्व करें वह है - वे जहां हों वहीं से शुरुवात की जाए! स्थानीय कलीसिया अकसर उसके लोगों कों ..... सबसे ज्यादा परिवर्तनशील कार्यों में सिद्ध करने मे लापरवाही कर देती है। अर्थात उनके अपने व्यक्तिगत जीवन की गवाही देने में। व्यक्तिगत रूप से पवित्र लोगों को सिद्ध करना और हुन्हें सेवा के कार्य में सम्मिलित करना कलीसिया के प्रत्येक अगुवें की जिम्मेदारी का एक भाग है - अर्थात, परमेश्वर के लोगों को सेवा के कार्य के लिये तैयार करना।[७] मसीह के अनुयायी होने के नाते हमें, सेवा के क्षेत्र में जहां हम अधिक से अधिक समय बिताते हैं, परमेश्वर का आसा का पालन करना चाहियें - हमारा अतिरिक्त या दान किया हुआ समय नही। यह स्थान हमारा घर, फॅाक्टरि, छापखाना, कार्यालय, चिकित्सालय या पारलियमेंट भी हों सकता है। सभी मसीही परमेश्वर के राज्य के राजदूत है जो अपने अपने स्थानों में जहां वे अत्याधिक प्रभाव ..... है परमेश्वर की योजनाओं को प्रस्तुत करते है।

इब्रातियों १० वां अध्याय उसी जात की पुष्टि करता है: ''और प्रेम, और भले कामों में उसकोन के लिये हम एक दूसरे की चिंता किया करें, और क दूसरे के साथ इकठ्ठा होना न छोड़े।'' ये पद आपस से संबंधित हैं। कलीसिया के लोगों को तरस की सेवा के लिये प्रोत्साहित होने और निर्देश दिये जाने के लिये इकठ्ठा होना है और जो कुछ उन्हों ने सीखा है उसे करने के लिये विभिन्न स्थानों में जाना है। मेरा विश्वास हैं कि परमेश्वर यह जानता था कि हमें प्रोत्साहन निर्देश और उसके प्रति उत्तरदायित्व की जरूरत पड़ेगी।

उपदेशों और शिक्षाओं को व्यक्तिगत रूप से अमल में लाना

संपूर्ण स्थानीय कलीसिया को बहुउद्देशीय सेवा के लिये उपयोग में लाना इतनी ही बुनियादी (महत्वपूर्ण) बात होगी जितनी कि लोगों द्वारा सुने गये उपदेशों और शिक्षाओं को जो उन्हों ने सीखा है अमल में लाना - चाहें वे जहां भी हों। प्रत्येक शिक्षा के अंत में छोटे समूह की सभा, या उपदेश को अगुवों द्वारा:-

- उन कार्यों को जो वास्तविक, विशिष्ट और तुरंत करने योग्य है, उन्हें करने के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।
- सुनने वालों को सीखी गई कोई भी बात को अमल में लाने के लिये आव्हन दें।
- दूसरे व्यक्ति द्वारा अमल में लाई जाने वाली बात के लिये उन्हे प्रार्थना करने के लिये अनुरोध करें।
- अगली सभा में उसविषय रिपोर्ट देने या गवाही देने के लिये उन्हें प्रेरित करें।

[७] ब

[८] ब

१. उनकार्यों को जो वास्तविक, विशिष्ट और तुरंत कसे योग्य है, उन्हें करने के लिये प्रोत्साहित करेः वक्तागण अकसर ऐसी नई बातों को अमल मे लाने का ..... देते है जिसे लोग भूल जाते जिसे असंबंधित पाते है या जिसे करने की कोशिश भी नही करते। उसके बदले उन्हें सुनने वालों को उनबातों को अमल में लाने के विषय बताना चाहिये जो वास्तविक विशिष्ट, और तुरंत कर सकने योग्य है। यदि पास्टर और अगुवे यहबताएं कि हाल ही में उन्होंने उनबातों पर किस प्रकार अमल किया है तो यह सहायक सिद्ध होगा।

- अमल में लाने वाली बात वास्तविक होना चाहिये।
- यह स्पष्ट होना चाहिये. ''मुझे क्या करना है?'' ''कब करना है?'' ''किसके साथ और किसके लिये करना है?''
- यदि वह तुरंत किया जाए तो उत्तम होगा अर्थात अगलि मीटिंग या सभा के पहले हूरा हो जाये।
- किसी भी बात पर अमल करते समय भोजन, आराम या नींद के त्याग करने की जरूरत होगी। उन्हें बाइबल में निर्देशित अन्य महत्वपूर्ण बातों को नजर अंदाज करके नहीं किया जाना चाहिये (जैसे परिवार, कार्य या चर्च)।

२. सुनने वालों को एक बात पर अमल करने के लिये आव्हान दें। पास्टर और अगुवों को चाहिये कि वे उपदेश या शिक्षा देने के पश्चात सुनने वालों को व्यक्तिगत रूप से अमल करने योग्य बात को चुनने के लिये प्रेरित करें। उन्हें कुछ जानने और कुछ भी न करने की आदत छोड़ने के लिये सिखाए। उन्हें प्रार्थनापूर्वक परमेश्वर से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित करें। ऐसा करने से उन्हें अमल करने योग्य कई बातें मालूम होगी तब वे निर्णय लेने के लियें परमेश्वर से मार्ग दर्शन प्राप्त करें।

३. दूसरे व्यक्ति द्वारा अमल में लाई जाने वाली बात के लिये उन्हें प्रार्थना करने के लियें अनुरोधरे। सभा के अंत में पास्टर या समूह के अगुवे सहभागियों को उनके द्वारा अमल में लाने चुनी गई बात को दूसरों के साथ मिलाने और एक दूसरे के लियें मिलकर प्रार्थना करने के लिये कहें। यह एक छोटे समूह की बैठक में या सभा के पश्चात आव्हन के दौरान किया जा सकता है। अमल के अपने तरीकों को दूसरों को बताने से उन्हें अपने निर्णय को कार्यान्वित करने में सहायता मिलेगी। ऐसा करने से जब दूसरा व्यक्ति सुनियोजित तरीके से अमल करे तो यह आनंद की बात होगी।

४. लोगों को अगली अगली आराधना या मिंटिंग में रिपोर्ट देने या गवहि देने के लिये कहें। ऐसा करने के द्वारा पास्टर और अगुवे सदस्यों को गवाहि देने या रिपोर्ट देने की जवाबदारी देते है। समूह में मीटिंग शुरू होते ही एक के बाद एक जल्दी-जल्दी रिपोर्ट दीजाएं। चर्च में एक सदस्य द्वारा गवीाह दी जासकती है या कलीसिया के लोग २ या ३ समूह में बांटकर जल्दी-जल्दी गवाही दे सकते है। यह इस बात को पुष्टि करता है कि बातों पर अमल किया गया है, कारवाई के महत्व को बढ़ाता है और लोगों को एक दूसरे के लिये प्रार्थना करने के लिये प्रोत्साहित करता है।

कोी भी इमारत सुरक्षित रीति से तब तक बढ़ाई नही जा सकती है जब तक उसकी ..... मजबूत न हो। उसी प्रकार मसीह के अनुयायीयों की भी मजबूत नींव होना चाहिये यदि वे अपने समाज में उसके राज्य को फैलाना चाहते है। यह नींव सही इश्वरसान से भी बढ़कर है, यह परमेश्वर का स्वभाव है जो उनके प्रतिदिन के जिवन में दिखाता है। जब व्यक्तियों को उनके चर्च द्वारा समाज को बदलने के लिये प्रशिक्षित किये जाते है, तब उन्के जीवन के द्वारा मसीह का स्वभाव दिखाना चाहिये। प्रेरित पौलुस हमें बताता है कि हमें पवित्र, निर्दोष, शांत और फलवंत जीवन जीना चाहिये और हमें सौम्य, आत्मा से भरपूर, स्तुति करने वाले और धन्यवादी होना-चाहिये। जब तक हम हमारे जीवन में परमेश्वर के स्वभाव को नही लाते, हम दूसरों को परमेश्वर की योजना के विषय नहीं बता सकते। मेरा विश्वास है कि परमेश्वर के प्रेम का हरव्यक्ति द्वारा शांतिपूर्ण, त्यागपूर्ण, पवित्र आचरण उसके राज्य के लिये चर्च की सामूहिक कई गतिविधियों से बढ़कर है।

परिवारों को मिलकर कुछ बातों को अमल करने के लिये प्रोत्साहित किया जा सकता है। उनका - स्कूल, शहरी कर्मचारियों, खेत पड़ोसी आवास और कई सामाजिक सेवाओं से संपर्क रहता है। इनमें से हर क्षेत्र मे परमेश्वर अपनी इच्छा को पूरी करना चाहता है। परिवारों को जागृत करने देखने और उनके आसपास की जरूरतों को पूरा करने के लियें प्रशिक्षित किया जा सकता है। साथ ही स्थानीय कलीसियाए भी कई परिवारों को मिलकर परमेश्वर की सेवा के लिये तैयार कर सकते हैं। जब कलीसयिा परिवारों को तैयार करती हैं, वह केवल वर्तमान जरूरतों को ही पूरा नही करती परंतु आने वाली पीढ़ी को भी तैयार करती है। जिन बच्चों को दूसरों की सेवा करने के लिये तैयार किया जाता है वे आगे चलकर दर्शन, उद्देश्य और सेवक का हृदय रखने वाले अगुवे हो सकते है।

उपदेश

यदि परमेश्वर द्वारा दिया गया दर्शन सचमुच पास्टर को प्रभावित किया है तो यह बोझ उसके द्वारा कमिटियों को दी जाने वाली शिक्षा में दिख पड़ेगा और दूसरों को भी प्रभावित करेगा। उपदेश ही ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा परमेश्वर के दर्शन और पूरी योजना को दूसरों के साथ बांटाजा सकता है। जब भी वचन को समझाया जाता है, पास्टरों को स्वंय से पूछना चाहिये, ''मै किस प्रकार उसको बहुउद्देशीय सेवा के लिये उयोग कर सकता हूँ। यदि आप एक पास्टर है और अपनी पसंद के वचनों को पढ़ने और प्रचार करने का प्रयत्न करते हैं तो मै आपका प्रोत्साहित करूंगा कि आप परमेश्वर से मांगे कि कलीसिया के लियें उसकी सभी योजनाओं को जानने के लिये आपकी आखें खोल दे। दर्शन को बांटने का आधार पवित्र वचन होना चाहियें ताकि कलीसिया सदस्य यह समझपाएं कि यह[९] क अच्छी, नई तरकीब से बढ़कर है। उन्हें परमेश्वर के वचन द्वारा यह सुनने की जरूरत है कि उसकी कलीसिया के लियें परमेश्वर की यह इच्छा है- उनकी कलीसिया के लिये भी। उपदेश कलीसिया को यह देखने में सहायक होंगे कि परमेश्वर ने पूरे इतिहास में और इस पीढ़ी में कलीसिया का उपयोग समाजों मे परिवर्तन लाने के लिये किया है।

उपदेशों को उन व्यक्तियों के जीवन से समझाना चाहिये जो प्रचार करने है और उसी के अनुसार जीवन भी बिताते है। क्या पास्टर लोग पड़ोसियों समुदायों, शहरों या देश के प्रति चिंतित हैं। क्या

---

[९] ब

[१०] ब

कलीसिया के लोग उसविषय जानते है? जब यीशु ने उसके चेलों के पैर धोए, उसने यह खुद उदाहरण देने हुए किया। .... मै वचन की शिक्षा देता हूं तो मैं बीते दिनों और संसार के दूसरे भागों में घटी घटनाओं का उदाहरण के तौर पर उपयोग करता हूं। परंतु जब मै यह बताता हू कि पिछले सप्ताह या बीते कल परमेश्वर ने मुझ में और मेरे द्वारा किन प्रकार कार्य किया तो लोग ज्यादा अच्छी प्रतिक्रिया करते हैं।

मैं अक्सरपास्टरों को प्रेरित करता हूं कि वे अपनी कलीसिया को पिछले सप्ताह दो सप्ताह पहले और अंत में तीन या चार सप्ताह पहले दिये गये उपदेश के मुख्य उद्देस्य को लिखने को कहैं। मैं उन्हें निराशा का समाना करने को तैयार रहने के लियें भी कहता हूं जो उन्हें लोगों की याद रखने की योग्यता में भारी गिरवाट को ..... से होगी।

परंतु उपदेश याद रखे जा सकते हैं और यह तब होगा जब उन्हें पक्के इरादे के साथ अमल में लाया जाए। यहां कुछ सुआव दिये जा रहे हैं:

- उपदेशो ऐसे हों जिनको अमल में लाया जा सके - केवल सुनने के लिये नहीं।
- हर उपदेश के पश्चात प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी बात पर अमल करने के समर्पण के लिये आव्हन दे जो विशिष्ट, वास्तविक और तुरंत करने योग्य हो। यदि उपदेश में अमल में लाने योग्य बातों पर विशेष बल न दिया गया हो तो लोग उस विचार से ही संतुष्ट हो जाएंगे कि हां वे बेहतर जीवन जीएंगे - सामान्य रूप से और भविष्य में भी बेहतर जीवन जीने की कोशिश करेंगे। यह निर्णय आने वाले सप्ताह में गायब हो जाता है - या आराधना की समाप्ति पर लोग कलीसिया के अन्य लोगों के साथ बातचीत में लीन हो जाते है।
- जब तक उपदेश के द्वारा पवित्र आत्मा बात न करे, अनंतकाल की बातें जाहिर नही होतीं। जब हम उपदेश तैयार करते और प्रचार करते है हमें उसकी ओर से मिलने वालि अगुवाई के प्रति जागरूक रहना चाहिये।

छोटा समूह

अधिकतर विशिष्ट, वास्तविक और तुरंत अमल करने योग्य बातों के लियें प्रोत्साहन करने का सबसे उत्तम स्थान छोटे समूह है। छोटे समूहों को बहु उद्देशीय सेवा के दर्शन हेतु तैयार करने और क्रियाशील करने के लिये निम्नलिखित कुछ मुख्य सिद्धांत है:-

- बहुउद्देशिय सेवा के लिये सदस्यों को तैयार करने हेतु कलीसिया विद्यमान छोटे समूहों का उपयोग कर सकती है। उस उद्देश्य को संडे स्कूल, बायबल स्टड़ी, प्रार्थना मीटिंग, घरेलू संगति और - घरेलू समूहों में सरलता से कियान्वित किया जा सकता है।
- छोटे समूह के अगुवों को उनकी हर शिक्षा में बहुउद्देशीय सेवा के पहलूओं को देखने के लिये तैयार किया जाना चाहिएं। उन्हें सभाओं के आयोजन में उस तरह प्रशिक्षित करना चापिये कि समूह के सदस्य सिखाए जाने वाले सिद्धांतों को तुरंत खोज लें और उसपर अमल करें।
- छोटे समूह व्यक्तिगत स्तर पर अमल करें। हर मीटिंग के अंत में समूह के समस्य एक दूसरे को यह बताते है कि वे आने वाले सप्ताह में दी गई शिक्षा के। किस तरह व्यक्तिगत रीति से

अमल में ला रहे है और फिर वे एक दूसरे के लिये प्रार्थना करते हैं। नई शिक्षा के शुरुवात मे ही अमल करने योग्य बोतों की समीक्षा की जाती है।

